आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 11.09.2024 समय : 07.10चउ

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश सरकार किसानों से 4892 रूपये समर्थन मूल्य पर खरीदेगी सोयाबीन, केन्द्र सरकार ने दी मंजूरीं
- प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान की 17 सितंबर से होगी शुरूआतं
- पोषण माह के तहत प्रदेश में जनजागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन जारीं
- प्रदेश में 30 से ज्यादा जिलों में आज हुई तेज बारिश, मौसम विभाग ने 11 जिलों लिए भारी बारिश की दी चेतावनीं

मुख्यमंत्री एमएसपी

प्रदेश के किसानों से सरकार अब 4892 रुपए के समर्थन मुल्य पर सोयाबीन की खरीदी करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान करते हुए सोयाबीन का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 4892 रुपये निर्धारित किया है। उन्होंने किसानों के हित में लिए गए इस निर्णय के लिए केन्द्र सरकार का प्रदेश के अन्नदाताओं की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों की दशा और दिशा में परिवर्तन आएगा।

स्वच्छ भारत

स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर इस वर्ष का स्वच्छता अभियान प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिन 17 सितम्बर से शुरू होगा। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम होगी 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता'। यह अभियान 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती पर संपन्न होगा। 17 सितम्बर को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के शुभारंभ पर मंत्रीगण अपने-अपने प्रभार के जिलों में शामिल होंगे। इसी दिन किफायती दाम पर दवाईयाँ उपलब्ध कराने वाले जनऔषधि केन्द्रों का शुभारंभ भी किया जायेगा। अभियान का समापन 2 अक्टूबर "महात्मा गांधी जयंती" पर प्रदेशभर में होगा। इस दिन महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास किये जायेंगे।

गृहमंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री  अमित शाह से नई दिल्ली में भेंट कर प्रदेश के सहकारिता क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया राज्य शासन द्वारा दुग्ध संघों के प्रबंधन और संचालन आगामी पांच वर्ष के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के माध्यम से किए जाने पर सहमति बनी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस समझौते से लगभग 11 हजार गांवों के पशुपालक और दुग्ध-उत्पाद किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। सरकार के माध्यम से सहकारिता के क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में इन 11 हजार गांवों में बहुउद्देशीय सहकारी संस्थाओं का गठन किया जाएगा। गृहमंत्री श्री शाह ने सहकारिता क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों में केंद्र सरकार से हरसंभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को मध्यप्रदेश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए संभाग स्तर पर आयोजित किए जा रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बारे में भी जानकारी दी।  मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र शासन द्वारा सोयाबीन की फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किए जाने के निर्णय के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

प्रधानमंत्री-ग्रीन हाइड्रोजन

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा परिवर्तन वैश्विक चिंताएं हैं और हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सहयोग से उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने और बुनियादी ढांचे के निर्माण में तेजी से प्रगति की जा सकती है। श्री मोदी ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता वैश्विक नीति के निर्माण के लिए हो रहे विचार-विमर्श का केंद्र बन गये हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत एक स्वच्छ और हरित धरती बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पेपरलेस मतदान

राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रक्रिया को पेपरलेस करने की कार्यवाही शुरू कर दी है। आज पंचायत उप निर्वाचन के तहत भोपाल जिले के बैरसिया विकासखंड की ग्राम पंचायत रतुआ रतनपुर में सरपंच पद के लिये हुए मतदान में मतदान केन्द्र-295 में पेपरलेस मतदान प्रक्रिया की गई। पेपरलेस बूथ का यह प्रयोग देश में पहली बार किया गया है। इस प्रक्रिया में मतदाताओं की पहचान और उनके द्वारा मत देने के रिकार्ड के रूप में हस्ताक्षर और अंगूठा लगाने को इलेक्टॉनिकली दर्ज किया गया।

पोषण माह

प्रदेश में पोषण माह के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। आज महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने भोपाल में 'गुड फार्मिंग, गुड फूड, गुड हेल्थ' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेशप्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण होने के साथ कृषि प्रधान राज्य है। इसके बाबजूद भी एनीमिया और कुपोषण की समास्याएँ कम नहीं हुई है। कुपोषण को जड़ से खत्म करने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता आवश्यक है। आज रायसेन में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो ए जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग की तीन दिवसीय मल्टीमीडिया फोटो प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत हुई। शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा ने कहा कि भव्य प्रदर्शनी के माध्यम से पोषण के संबंध में बहुत ही अच्छी एसार्थक और उपयोगी जानकारी यहां पर दी गई है । नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता जमुना सेन ने कहा कि पोषक भोजन बनाना कोई कठिन कार्य नहीं हैए हम कुछ विशेष बातों को ध्यान में रखकर हम भोजन को पौष्टिक बना सकते हैं जो बच्चों के लिए बहुत ही लाभदायक होता है । वन परिसर के सभागार में आयोजित प्रदर्शनी के अलावा निबंध प्रतियोगिता एरंगोली प्रतियोगिताए प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिनमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में राजभारती कला संगीत दल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।

मौसम

भोपाल सहित प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश का सिलसिला जारी हैं सागर जिले के शाहगढ़ में सबसे ज्यादा 11.08 इंच बारिश हुईं वहीं दमोह के पथरियां में 11 इंच और छतरपुर के बक्सवाहा में 10 इंच बारिश दर्ज की गईं भोपाल में लगातार बारिश के बाद आज कलियासोत डेम के दो, कोलार के दो जबकि भदभदा और केरवा के एक–एक गेट खोलने पड़ें जबलपुर और दमोह जिलों में 8 इंच से ज्यादा बारिश हुई हैं रायसेन के बेगमगंज में तेज बारिश से सागर–भोपाल सडक मार्ग प्रभावित हुआं नर्मदापुरम में तवा डेम के 9, बरगी के 17 और मोहनपुरा बांध के 10 गेट खोलने पड़े हैं तेज बारिश से प्रदेश में सामान्य बारिश का कोटा भी पूरा हो गया हैं मौसम विभाग ने विदिशा, रायसेन, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, श्योपुरकला, सागर, छतरुपर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों के लिए अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया हैं इसके अलावा भोपाल, देवास, नीमच सहित 14 जिलों के लिए अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया हैं प्रदेश के शेष जिलों में भी बारिश के लिए यलो अलर्ट हैं

जम्मू कश्मीर चुनाव अभियान

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 सितंबर को डोडा में रैली करेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भी डोडा में एक रैली djus dk कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री मोदी और राहुल

गांधी के अलावा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के स्टार प्रचारक उमर अब्दुल्ला 12 सितंबर को डोडा जिले में कुछ रैलियों को संबोधित करेंगे।

हॉकी चैंपियन्स ट्राफी

भारत एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेन्ट के सेमीफाइनल में पहुंच गया है। चीन के हुलुनबुइर में आज पिछले विजेता भारत ने मलेशिया को 8-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और अंतिम चार में जगह बनाई। भारत के लिए राजकुमार पाल ने गोल की हैट्रिक लगाई। अराईजीत सिंह हुंडल ने दो गोल किये। जुगराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह और उत्तम सिंह ने भी एक-एक गोल किये। इससे पहले भारतीय टीम ने चीन और जापान पर जीत दर्ज की थी।

समाचार संक्षेप में .....

- देवास जिले में खाद्यान्न के वितरण के लिए 12 से 14 सितम्बर तक ''अन्न उत्सव'' का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिले में शतप्रतिशत हितग्राहयो को राशन प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया हैं
- नर्मदापुरम जिले में मूंग की फसल की रिकॉर्ड खरीदी की गई है। जिले के 56 हजार से अधिक किसानों से 1 लाख 74 हजार 286 मीट्रिक टन मूंग का उपार्जन गया है।
- पन्ना जिले में आज नगरीय निकाय और पंचायत उपनिर्वाचन के तहत चार प्रतिनिधियों को चुनने के लिए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान हुआं
- रायसेन जिले के नगर परिषद सांची के वार्ड क्रमांक 2 में पार्षद पद के लिए मतदान हुआं वहीं ग्राम पंचायत वनगवां में सरपंच पद के लिए मतदान हुआं
- अशोकनगर जिले में 14 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगां इसके प्रचार प्रसार के लिए आज प्रधान जिला न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियां
- विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर कल बैतूल जिला अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गयां मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रविकांत उइके ने बताया कि मानसिक रोगों और तनाव के प्रति जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये गयें
- हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आज आम आदमी पार्टी ने अपनी चौथी सूची जारी कर दी हैं इस सूची में 40 उम्मीद्वारों के नाम शामिल हैं

...............